हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 22 जून 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 योग को जीवन शैली का हिस्सा बनाने का लें संकल्प : ओपी



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**सक्ती**। भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आयोजित करती है। 31 जुलाई की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम, भारतीय निवासी जो भारत में रहता हो, जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण योग दान दिया है। जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है को यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष की भांति जनवरी 2025 में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाना है। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 1 अप्रैल से अपलोड कर दिया गया है। कोई भी बच्चा जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक है और 18 वर्ष से अधिक नहीं है उक्त पोर्टल पर 31 जुलाई तक केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। बच्चों को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन देने की दृष्टि से अधिक से अधिक योग्य बच्चों को ऑनलाइन नामांकित किया जा सकता है।

### मितानिन एवं 112 की टीम ने महिला का कराया सुरक्षित प्रसव

**अकलतरा**। ग्राम कोटगढ़ की महिला को प्रसव के लिए अस्पताल ले जाए जाने के दौरान रास्ते में अत्यधिक प्रसव पीड़ा होने पर मितानिन रजनी एवं डायल112 की टीम के द्वारा महिला का रास्ते में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि ग्राम कोटगढ़ की महिला राजकुमारी को 20 जून को सुबह 3:00 बजे प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों द्वारा मितानिन को बुलाया गया।
मितानिन के द्वारा महिला के परीक्षण के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाए जाने की सलाह दिए जाने पर परिजनों के द्वारा डायल 112 को सूचित किया गया। डायल 112 की टीम 3:30 बजे कोटगढ़ पहुंची एवं महिला, मितानिन व परिजनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा के लिए रवाना हुए। डायल 112 की गाड़ी डीएल मल्टीप्लेक्स के सामने पहुंची थी कि महिला को अत्यधिक जोर से प्रसव पीड़ा होने पर मितानिन के द्वारा गाड़ी में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया गया। कुछ देर बाद महिला ने सुरक्षित एक बालक को जन्म दिया। बालक के सुरक्षित जन्म होने के बाद प्रसूता एवं नवजात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया गया। सड़क किनारे डायल 112 की गाड़ी में हुए इस सुरक्षित डिलीवरी के लिए प्रसूता के परिजनों के द्वारा मितानिन रजनी, 112 के आरक्षक नवीन कुमार एवं चालक मानसिंह भेड़पाल के सराहनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# वाट्सएप्प के माध्यम से भी होगा जिलेवासियों की समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिलेवासियों की समस्याओं के निराकरण अथवा उनके सुझावों को ऑनलाइन जानकर समाधान करने की पहल प्रशासन द्वारा की गई है। इसके लिए वाट्सएप्प चैटबॉट संवाद 24×7 की व्यवस्था बनाई गई है। इसका शुभारंभ प्रदेश के वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा किया गया।

■ **आम नागरिक वाट्सएप्प नंबर 7970001634 पर किसी भी समस्या, मांग एवं सुझाव की दे सकेंगे जानकारी**

प्रशासन द्वारा प्रारंभ किए गए इस चैटबॉट के माध्यम से वाट्सएप्प नम्बर 7970001634 पर हाय या हेलो लिखकर मैसेज भेजने पर चैटबॉट स्वतः ही उपयोगकर्ता से उनका नाम पता और सवाल पूछने लगता है। मैसेज में नाम इत्यादि की जानकारी दर्ज करने उपरांत किसी भी विभाग से संबंधित मांग, समस्या या सुझाव के बारे में जानकारी दर्ज करने का अवसर देता है। जानकारी दर्ज करने के पश्चात उपयोगकर्ता का समस्या-सुझाव सीधे संबंधित विभाग के पास पोर्टल के माध्यम से चला जाता है। साथ ही उपयोगकर्ता को इसकी पावती भी उसी वाट्सएप्प नम्बर पर स्वतः ही प्राप्त हो जाती है। चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त समस्या, सुझावों को संबंधित विभाग द्वारा निराकरण किया जायेगा। साथ ही इसकी जानकारी उपयोगकर्ता को तय समय में दी जायेगी। चैटबॉट प्रारंभ हो जाने से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को कार्यालय जाए बिना ही किसी भी समस्या-सुझावों का निराकरण करवाने में सुविधा होगी। साथ ही बार-बार कार्यालय भी नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, सहायक कलेक्टर दुर्गाप्रसाद अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने किया चैटबॉट संवाद 24×7 का शुभारंभ




### कलेक्टर ने चैटबॉट प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने दिए निर्देश

इस संवाद चैटबॉट का उद्देश्य बिना परेशानी एवं भागदौड़ के लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। यह चैटबॉट कलेक्टर आकाश छिकारा की दूरगामी सोच और विशेष पहल पर तैयार किया गया है। चैटबॉट से प्राप्त समस्याओं के निराकरण की लगातार मॉनिटरिंग भी की जाएगी। जिससे लोगों को तेजी से उनकी समस्याओं का समाधान मिल पायेगा। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि संवाद चैटबॉट के माध्यम से वाट्सएप्प नम्बर 7970001634 पर अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन को जरूर अवगत कराये। जिससे उन्हें कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी और घर बैठे वाट्सएप्प के माध्यम से ही उनकी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तय समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

### कॉपी, पुस्तकों के दामों में हुई बढ़ोतरी, मध्यम वर्ग के लोगों की बढ़ी परेशानी

# निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना पालकों को पड़ रहा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

निजी स्कूलों में बच्चों का प्रवेश महंगा हो गया है, जिसके चलते मध्यम वर्ग के लोगों को सर्वाधिक परेशानी होती है। प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना पालकों को अब काफी महंगा पड़ रहा है। कापी पुस्तकों के दामों में भी लगातार वृद्धि हो रही है। इसे लेकर जिम्मेदार विभाग को कोई सरोकार नहीं रहता है।

गौरतलब है कि 26 जून से नए शिक्षा सत्र की शुरूआत होगी। इसके साथ ही निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश दिलाने का काम चल रहा है। बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा दिलाना अब आम आदमी के बस की बात नहीं रह गई है। हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के साथ सीबीएसई विषय की पढ़ाई कराने वाले स्कूलों में जो फीस ली जाती है, वह मध्यम वर्ग के लोगों के लिए आसान नहीं रह जाता। ऐसे में उनके घरों का बजट भी प्रभावित होता है। सामान्य स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की



फीस और पाठ्यपुस्तक की सामग्री के साथ स्कूल ड्रेस, जूता, मोजा, टाई, बैच, बेल्ट, स्कूल बैग, पानी बॉटल आदि सामानों की खरीदी करने में पालकों को महंगी फीस चुकानी पड़ती है। इसके साथ ही वाहन का खर्च अलग से रहता है। ऊपर से यदि पालक बड़े प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाना चाहे, तो उसके चार से छह महीने का मिलना वाला वेतन भी कम पड़ सकता है। इधर निजी स्कूलों के संचालकों ने हर साल की तरह इस बार भी एडमिशन फीस एवं अन्य फीसों में बढ़ोतरी की है। साथ ही स्कूल ड्रेस, स्टेशनरी सामान आदि का खर्चा अलग से लगता है। बढ़ते प्रतिस्पर्धा के दौर में आज कोई पालक अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाना चाहता है। हिन्दी मीडियम, अंग्रेजी मीडियम एवं सीबीएसई पाठयक्रम संचालित करने वाले स्कलों का अपना अलग ही महत्व है। ऐसे स्थिति में फीस का मापदंड भी सुविधा और स्टेसस के अनुसार तय किया जाता है। सामान्य प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी से क्लास टू तक के बच्चों की एडमिशन फीस 12 से 14 हजार रुपए है, तो वहीं बड़े प्राइवेट स्कूलों में 35 से 47 हजार रुपए तक की फीस ली जाती है। इसी तरह क्लास 3 से क्लास 5 तक सामान्य स्कूलों में 15 से 18 हजार रुपए तक फीस वसूली ली जाती है। तो बड़े स्कूलों में 30 हजार से 40 हजार रुपए तक फीस ली जाती है। इसी तरह मीडिल स्कूल में 20 से 25 हजार रुपए तक की फीस ली जाती है, तो उनसे बड़े निजी स्कूल में मीडिल स्कूल की फीस 55 से 65 हजार रुपए तक होती है। ऐसे पालकों के बच्चों को निजी स्कूलों के 25 प्रतिशत आरक्षित सीट पर निःशुल्क भर्ती लिया जाना रहता है। बावजूद इसके नियम, कानून को ताक में रखकर निजी स्कूल के संचालक ऐसे गरीब बच्चों को अपने स्कूल में प्रवेश नहीं देते है, जबकि इसके लिए शासन द्वारा प्रति बच्चे 7 से 8 हजार रुपए निजी स्कूल के संचालकों को दिए जाते है।

#### दिए है दिशा निर्देश

निजी स्कूलों में फीस को लेकर दिशा निर्देश जारी किया गया है। फीस बढ़ाने जाने के संबंध में स्कूल प्रबंधन द्वारा बनाई गई समिति से अनुमोदन जरूरी है। शिक्षा के अधिकार के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित सीट पर गरीब बच्चों को एडमिशन दिया जाता है।

-अश्वनी भारद्वाज,
जिला शिक्षा अधिकारी
जांजगीर-चांपा

# दो माह से पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद

पामगढ़ ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद के वार्ड 13 एवं 19 के लोग पिछले दो माह से पेयजल समस्या से जूझ रहे है। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर जनदर्शन में कलेक्टर से गुहार लगाई है।

■ **जनदर्शन में कलेक्टर से लगाई गुहार, शीघ्र व्यवस्था करने की मांग**

ग्राम के पूर्व विधायक प्रतिनिधी अनिरुद्ध कुमार श्रीवास ने बताया कि पिछले दो माह से पेयजल संकट बना हुआ है। पानी की समस्या के समाधान के लिए डोंगाकोहरौद के लोगों ने सरपंच सचिव, एवं पी एच ई विभाग को काफी बार अवगत कराया, लेकिन समस्या का समाधान अब क नहीं हो पाया है। समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की है। सरपंच प्रतिनिधि शिवप्रसाद गोंड़ ने बताया कि मोहल्लेवासी बोर के लिए जगह चिन्हांकित करें पंचायत के द्वारा हेंड पम्प लगवा दिया जावेग इसके बाद पानी की समस्या से निजात मिल जाएगी। हमने पंचायत समिति के अधिकारियों को मामले में अवगत करवा दिया है। पंचायत समिति के द्वारा बजट भी पास हो चुका है। तीन चार दिन में समस्या का समाधान हो जाएगा। वहीं विकास अधिकारी पी एस सुमन ने बताया की पेयजल समस्या के समाधान के लिए नल जल के तहत लगी पानी सप्लाई में टोंटी लगाया जावेगा। ग्राम पंचायत को प्रस्तावित कर चुके हैं। ग्रामीणों की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

# पतालसू पिक ट्रेक फतह कर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

पामगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत खोखरी (राहौद) के विशाल यादव और उनकी टीम ने पतालसू पिक ट्रैक फतह करके तिरंगा फहराया है।

विशाल और उनकी टीम 16 जून को 11 बजे सोलंग वैली के लिए बेस कैंप मनाली से इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन की टीम रवाना हुई। सोलंग वैली से पलचान ग्राम के लिए बढ़े, उसके बाद पतालसू पिक की ओर बढ़े तथा उनकी टीम ने रहने एवं खाने की व्यवस्था साथ में रख के एडवांस बेस कैंप 7:30 बजे ट्रेक करने के पश्चात अंधेरा होने के कारण रात को अपना डेरा डाल विश्राम किया तथा सुबह 4 बजे पिक की ओर प्रस्थान किया। 4 घंटे लगातार चढ़ाई करने के बाद चोटी पर पहुंचे। 17 जून सुबह 7 बजे चोटी पर तिरंगा फहराया उसी समय अचानक मौसम खराब होने लगी जिससे तेज हवा बारिश तथा बर्फ की भारी बारिश होने लगी, लेकिन विशाल यादव और उनकी टीम हौसले को झुका ना सकी। मौसम खराब हो जाने के कारण रास्ते में फिसलन बहुत बढ़ चुकी थी और खतरा बढ़ चुका था। किंतु इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन की टीम को चुनौतियों को सामना करने की ट्रेनिग दी गई थी जिसके कारण सभी तरह की चुनौती का सामना कर वे वापस बेस कैंप में तकरीबन 11 बजे एडवांस बेस कैंप पर पहुंच गए। मौसम के खराब होने से टीम के सभी लोग पूरी तरह भीग चुके थे। सभी के जूते एवं कपड़े गीले हो चुके थे तब उन्होंने मौसम को देखते हुए वहीं ठहरने का प्रबंध किया, जब मौसम साफ हुआ उस समय रात हो चुकी थी। ऐसे में रात वहीं बिताना पड़ा। सुबह होते ही विशाल यादव की टीम नीचे की ओर प्रस्थान करने लगी पुनः पलचान गांव से होते हुए 1 बजे सोलांग वैली पहुंचे उसके बाद बस से मनाली पहुंचे फिर लगभग 4 किमी ट्रेक करते हुए भानु पूल के स्थित इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन के बेस कैंप में साम 6 बजे टीम सुरक्षित पहुंच गई।

■ **खोखरी निवासी विशाल यादव एवं उनकी टीम ने मौसम खराब होने के बाद भी नहीं हारी हिम्मत**



पतालसू पिक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराता विशाल।




### अकलतरा के थाना व मस्जिद रोड निर्माण की पहल

# नाप जोख करने पहुंचा, नहीं मिली सड़क के लिए पर्याप्त चौड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के थाना रोड एवं मस्जिद रोड में बदहाल सड़क एवं नाली की समस्या को लेकर लोकसभा चुनाव के पूर्व वार्ड वासियों के द्वारा लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दिए जाने पर प्रशासन के कान खड़े हो गए एवं वार्ड वासियों को चुनाव समाप्त होने के तत्काल बाद सड़क एवं नाली निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करने का लिखित आश्वासन दिया गया था।

वार्ड वासियों के द्वारा 18 जून को तहसीलदार को सड़क एवं नाली निर्माण से संबंधित लिखित आश्वासन का स्मरण दिलाए जाने पर तहसीलदार के द्वारा नगर पालिका को सड़क एवं नाली निर्माण के लिए निर्देशित किया गया। 20 जून को नगर पालिका के उप अभियंता अशोक कंवर , राजस्व अधिकारी देव निर्मलकर एवं नगर पालिका की टीम के द्वारा वार्ड वासी संतोष अग्रवाल सुशील जैन कांति माखीजा, पार्षद रोहित सारथी, मुरलीधर मिश्रा ,रूपेश जैन एवं सुनील जैन की उपस्थिति में मस्जिद रोड एवं थाना रोड का नाप जोख किया गया। नगर पालिका के द्वारा मस्जिद रोड एवं थाना रोड में 8 मीटर सड़क एवं दोनों और एक-एक मीटर नाली कल 10 मी जमीन सड़क व नाली निर्माण के लिए तय किया गया है लेकिन नाम जोख के दौरान केवल 6 मीटर जगह उपलब्ध मिला। नगर पालिका की टीम के द्वारा नाप जोख के बाद प्रतिवेदन सीएमओ सौरभ तिवारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सीएमओ के द्वारा उप अभियंता को नाप जोख संबंधी प्रतिवेदन एसडीएम व तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया।



नापजोख करता पालिका का अमला।

#### नहीं मिल रही पर्याप्त जगह

प्रशासन के निर्देश पर नगर के मस्जिद रोड एवं थाना रोड में सड़क व नाली निर्माण के लिए नगर पालिका की टीम के द्वारा नाप जोख की गई है। नाप जोख के दौरान केवल 6 मी जगह उपलब्ध पाई गई है जबकि सड़क व नाली निर्माण के लिए 10 मीटर जगह की आवश्यकता है। इस संबंध में एसडीएम को प्रतिवेदन सौंप कर बेजा कब्जा हटाने के लिए निवेदन किया जाएगा। बेजा कब्जा हटने के बाद सड़क व नाली निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

-सौरभ तिवारी, सीएमओ,
नगरपालिका परिषद अकलतरा



# 'उसने मेरी जिंदगी बदल दी' : करण

**नई दिल्ली।** करण सिंह ग्रोवर बॉलीवुड में आने से पहले टीवी की दुनिया के चहेते सितारे थे। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत सुपरहिट टीवी सीरियल 'दिल मिल गए' से किया था। इसके बाद 'कबूल है' जैसे हिट शो में काम कर दर्शकों पर छा गए थे। उन्होंने अपने करियर में तीन बार शादी रचाई है। उनकी तीसरी शादी बिपाशा बसु संग हुई है। 2016 में इन्होंने धूमधाम से शादी की और आज कपल एक बेटी 'देवी' के माता-पिता हैं। अब शादी और पिता बनने के बाद करण ने अपनी लाइफ को लेकर बातें की। उन्होंने बताया कि बिपाशा ने उनकी लाइफ बदल दी। वह इसके लिए उनके शुक्रगुजार हैं।

## लाइफ Style

# स्वरा

## छलका दर्द: 'मैं अछूत हूं...वे डरते हैं'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वरा भास्कर का कहना है कि वह फैंस के लिए बेबाक हैं, उनका दिल काफी साफ सुथरा है। लेकिन बॉलीवुड उन्हें 'अछूत' मानता है। जब वह अपने मन की बात करती हैं तो उन्हें उसका भारी खमियाजा भी भुगतना पड़ता है। उनके हाथ में आए प्रोजेक्ट उनके हाथ से छीन लिया जाता है। उनका नाम सुनते ही स्टूडियो वाले फिल्मों में लेने से मना कर देते हैं।

हाल ही में स्वरा भास्कर ने कहा कि उनका ट्विटर अकाउंट एक्स उनके लिए सबसे महंगी चीज़ है, क्योंकि इसकी वजह से उनका करियर बर्बाद हो गया। उनका कहना है कि अब फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी उन्हें कास्ट नहीं करना चाहता। विवाद के डर से, भले ही वे ' स्वरा भास्कर जैसी अदाकारा' चाहते हों। उन्होंने यह भी बताया कि उनके चाहने वालों का मानना है कि 'उन्होंने खुद ही अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली' और अपना करियर 'तबाह' कर लिया। स्वरा ने कहा कि जब लोग उन्हें सड़कों पर रोकते हैं या एयरपोर्ट पर उनसे बात करते हैं तो बहुत से लोग उनका समर्थन करते हैं और वह उस समर्थन से ताकत पाती हैं। हालांकि बहुत से लोग हैं, जिनमें से कुछ उनके शुभचिंतक भी हैं, जो महसूस करते हैं कि उन्होंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। स्वरा आगे कहती हैं- बहुत से लोग हैं जो कहते रहते हैं कि 'तुमने गलत काम किया है, तुमने अपना करियर बर्बाद कर लिया, तुमने ऐसा क्यों किया? यह तुम्हारी बहुत बड़ी बेवकूफी थी', जिसमें आपकी अपनी टीम भी शामिल होती है। जो लोग आपसे प्यार करते हैं और वे चिंता की जगह से आते हैं। वे आपके शुभचिंतक हैं इसलिए उन्हें आपको देखकर बुरा लग रहा है।



## हॉलीवुड मसाला



# थिएटर में शो के दौरान गिरे

**लॉस एंजिलिस।** इयान मैकेलेन को हॉलीवुड के प्रॉमिनेंट एक्टर्स में से गिना जाता है। वे 6 दशक से फिल्में कर रहे हैं। हाल ही में एक थिएटर में प्ले के दौरान एक्टर स्टेज पर गिर गए जिसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया और शो को बीच में ही बंद कर दिया गया। एक्टर 85 साल के हैं और फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। एक्टर की हेल्थ को लेकर अपडेट भी आ गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर थिएटर में एक फाइट सीन कर रहे थे।



# अमेरिका में रिलीज होगी 'मेगालोपोलिस'

**लॉस एंजिलिस।** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लायंसगेट और फिल्म की निर्माता कंपनी के बीच यह वितरण सौदा हुआ है। निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला ही इस फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म अमेरिकन जोएट्रोप के बैनर तले बनी है। दिलचस्प बात यह है कि लायंसगेट की एक और फिल्म उसी दिन रिलीज होने वाली है। इस हॉरर फिल्म का नाम नेवर लेट गो है। वहीं, यूनिवर्सल द वाइल्ट रोबोट और पैरामाउंट इंटरस्टेलर की दसवीं सालगिरह पर इसे दोबारा रिलीज करने जा रही है। स्टूडियो पहले से ही कोपोला के अमेरिकन जोएट्रोप बैनर के साथ व्यापारिक रिश्ते रहे हैं। स्टूडियो ने फिल्मकार की कई फिल्मों के डायरेक्टर्स कट जैसे एपोकैलिप्स नाउ फाइनल कट, द कन्वर्सेशन, द कॉटन क्लब एनकोर, टकरः द मैन एंड हिज ड्रीम, और वन फ्रॉम द हार्टः रिप्राइज को रिलीज किया है।



# अजीज दोस्त ने किया था हेरीफेरी...

**नई दिल्ली।** मार्च 2022 में रिमी सेन ने अपने दोस्त रौनक व्यास के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया था, जिसमें उन पर 4.14 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। उस समय दायर किए गए कागजात के अनुसार, जतिन व्यास ने रिमी को एलईडी लाइटिंग से जुड़ी अपनी नई फर्म में निवेश करने पर काफी मुनाफा देने का वादा किया था। जब जतिन ने उनकी कॉल का जवाब देना बंद कर दिया और पैसे वापस करने से इनकार कर दिया, तब अभिनेत्री को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। एक इंटरव्यू में रिमी कहा, 'वह एक ठग है। वह किसी शहर में जाकर बस जाएगा और लोढ़ा जैसे बिल्डर की आलीशान रिहायशी सोसायटी में फ्लैट किराए पर लेगा। वह एक शानदार कार खरीदेगा और कुलीन क्लबों और जिम का सदस्य बन जाएगा।



# 175 दिन बाद सेट पर लौटे वरुण तेज

**मुंबई।** अभिनेता वरुण तेज एक बार फिर से फिल्म के सेट पर लौट आए हैं और अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी खुद वरुण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। उनकी नई फिल्म का नाम 'मटका' है, जिसका निर्देशन करुणा कुमार कर रहे हैं। वरुण तेज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो साझा किया है, जिसमें एक शख्स अपने हाथ में पुराने जमाने का एक टेलीफोन पकड़कर खड़ा हुआ है। इसे शेयर करते हुए वरुण तेज ने कैप्शन में लिखा, '175 दिनों के बाद नई ऊर्जा और आकांक्षाओं के साथ सेट पर वापस आ गया हूं। 'मटका' के रेट्रो जादू को जीवंत करने के लिए तैयार हूं!' 'मटका' फिल्म की कास्ट की बात करें तो इसमें वरुण तेज के साथ-साथ मीनाक्षी चौधरी और नोरा फतेही भी अभिनय करती हुई दिखाई देंगी।

## टीवी मसाला




# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से एक और एक्टर होने जा रहा बाहर

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो का हर किरदार घर-घर फेमस है। इस शो को काफी पसंद भी किया जाता है और सालों से यह शो टीवी पर सबका दिल जीत रहा है। हालांकि पिछले कुछ समय से कई पुराने एक्टर्स इस शो को छोड़कर चले गए हैं। शो में टप्पू तो 2 बार बदल ही चुका है, लेकिन अब इस टप्पू सेना के एक और एक्टर के शो छोड़ने की खबर आ रही है जिसे सुनकर फैंस को बड़ा झटका लगेगा। दरअसल, यहां जिसकी बात हो रही है वो है गोली। गोली का किरदार कुश शाह निभा रहे हैं। अब हाल ही में एक फैन ने कुश के साथ फोटो शेयर की सोशल मीडिया पर। फोटो शेयर कर फैन ने बताया कि वह कुश को न्यू यॉर्क में मिला। फैन ने बताया कि कुश ने उन्हें बताया कि उन्होंने शो छोड़ दिया है और न्यू यॉर्क में अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद फैंस काफी दुखी हो गए हैं। कोई कमेंट कर रहा है कि गोली को बचपन से देख रहे हैं इस शो में और यहां उसे बड़ा होते हुए देखा है, अगर वह भी चला जाएगा तो मजा नहीं आएगा। कुश का इस शो से जाना सच है कि नहीं यह बात तो खुद कुश और शो के प्रोड्यूसर ही बता सकते हैं।

# कल्पना से परे, रहस्य से घिरा हुआ है इस बार 'बिग बॉस' का सेट...

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' की धमाकेदार शुरुआत होने वाली है। इस बार सब बदल जाएगा। शो के होस्ट अनिल कपूर हैं और उन्होंने शो में अब तक का सबसे दमदार मजा देने का वादा किया है, जिसके लिए प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शो 21 जून को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है, लेकिन उससे पहले प्रशंसकों के लिए खास तोहफा है। 'बिग बॉस ओटीटी 3' के सेट की झलक फैंस को दिखाई गई है, जो बेहद शानदार और हर बार से ज्यादा भव्य है।



# सोनाक्षी की शादी के जश्न में 'मामा' संग हंसते दिखे शत्रुघ्न

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के संग शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 23 जून वे मुंबई में शादी करेंगी। इसके साथ ही अटकलें लगाई जा रही हैं कि होने वाली इस शादी में उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा शामिल नहीं होंगे। इतना ही सिन्हा फैमिली से कोई सदस्य इस शादी का हिस्सा नहीं बनेगा।



हालांकि, इन खबरों को खारिज करते हुए सोनाक्षी के 'मामा' पहलाज निल्हानी कहा कि वे अपनी लाडली की शादी में जरूर शामिल होंगे। लगता है कि पहलाज निल्हानी की ये बातें सच साबित हो गई हैं। सोशल मीडिया के जरिए शत्रुघ्न सिन्हा की एक फोटो सामने आई है, जिसमें वे सोनाक्षी के 'मामा' के संग मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि शत्रुघ्न सिन्हा हल्दी कार्यक्रम में मेहमानों के बीच शामिल रहे. फोटो में शत्रुघ्न ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। इस फोटो को भारतीय एस प्रधान ने अपने ट्विटर पर शेयर की हैं। उन्होंने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- दुल्हन के पिता के साथ शत्रुघ्न सिन्हा, और सोनाक्षी के 'मामा' पहलाज निल्हानी से थोड़ी देर पर पहले चैंबर पर मुलाकात हुई। फोटो के आखिरी लाइन में उन्होंने लिखा 'सिन्हा परिवार में जश्न का समय है!' सोनाक्षी-जहिर इकबाल की शादी तैयारियों और विवादों के बीच शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार मुस्कुराते हुए देखा गया है। फोटो में शत्रुघ्न का लुक काफी शानदार दिख रहा है।

# मिर्जापुर 3 का ट्रेलर जारी, दिखेगी छल-कपट की झलक

**मुंबई।** अमेजन प्राइम वीडियो की चर्चित वेब सीरीज 'मिर्जापुर' को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। इस शो में नजर आए सभी किरदारों को पसंद करने वाले फैंस की अपनी एक अलग सूची है। फैंस लंबे वक्त से इसके तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे। हाल में ही इसके तीसरे सीजन के रिलीज डेट की घोषणा की गई थी, जिसमें बताया गया था कि इसे 5 जुलाई 2024 को रिलीज किया जाएगा। अब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख दर्शकों को वापस से पुरानी वाइब मिल रही है। ट्रेलर के जबर्दस्त डायलॉग सुन आप सीरीज देखने के लिए और ज्यादा उत्साहित हो जाएंगे। पिछले सीजन के क्लाइमैक्स के बाद तीसरा सीजन उसी कहानी को आगे बढ़ाएगी। पूर्वांचल के अपराध और सत्ता पाने की लालच में सीरीज के सारे कलाकार एक-दूसरे के साथ खून खराबा करते नजर आ रहे हैं।




***सोशल मीडिया पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया :*** सीरीज में गुड्डू पंडित यानी कि अली फजल का डायलॉग लोगों को बताने का, कालीन भैया गॉन और गुड्डू पंडित ऑन। दर्शकों की विशेष सराहना बटोर रहा है। मिर्जापुर की गद्दी पाने की लड़ाई में गुड्डू पंडित कालीन भैया पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख अब सीरीज देखने की चाह बढ़ गई है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'गुड्डू पंडित का भौकाल कायम है। अब कालीन भैया का पलटवार देखने के लिए उत्साहित हूं।'

### इन कलाकारों से सजी है मिर्जापुर 3

'मिर्जापुर' सीरीज में कई नामचीन कलाकार नजर आए हैं। सीरीज में पंकज त्रिपाठी को 'कालीन भैय्या' और अली फजल को 'गुड्डू पंडित' की भूमिका में काफी पसंद किया गया है। इनके अलावा दिव्येंदु शर्मा भी 'मुन्ना त्रिपाठी' के किरदार में सीरीज के पहले दो सीजन के लिए काफी महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुए थे। इन कलाकारों के अलावा इस सीजन में श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुगल, हर्षिता गौर, विजय वर्मा, अंजुम शर्मा, शीबा चड्ढा ,राजेश तैलंग आदि भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## लिस्ट में शाहिद कपूर की दो मूवीज भी शामिल

# शराब और नशे की लत को दर्शाती हैं ये हिंदी फिल्में

***मुंबई।*** *हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के फिल्मकार समाज की अच्छी और बुरी चीजों को अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए लोगों के सामने पेश करते हैं। मौजूदा समय में देश में बड़ी संख्या में युवा नशे के आदि बनते जा रहे हैं। बॉलीवुड में भी युवाओं की इस कठोर वास्तविकता को फिल्मों के माध्यम से कई बार दिखाया जा चुका है। आइए ऐसी फिल्मों के बारे में जानते हैं जो इस विषय को सटीक रूप से चित्रित करती हैं।*



**उड़ता पंजाब :** शाहिद कपूर की बेहतरीन फिल्मों में उड़ता पंजाब का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। फिल्म में उनके साथ दिलजीत दोसांझ, अलिया भट्ट और करीना कपूर खान ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया था। फिल्म में पंजाब के युवाओं में बढ़ते नशीली दवाओं की लत को दिखाने की कोशिश की गई थी। यह फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आई थी।

**फैशन :** मधुर भंडारकर के निर्देशन में बनी फिल्म फैशन को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म की कहानी फैशन मॉडलों की जिंदगी की कहानी बयां करती नजर आई थी। फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के नशीली दवाओं के दुरुपयोग और ओवरडोज जैसे नकारात्मक पहलुओं पर इस फिल्म के जरिए प्रकाश डालने की कोशिश की गई थी। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, कंगना रणौत और मुग्धा गोडसे ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थीं। ओटीटी पर इसे नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।




**दम मारो दम :** दम मारो दम का निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया था। यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर थी। इसकी कहानी ड्रग तस्करों और अंतरराष्ट्रीय अपराधियों की गिरफ्तारी और उसकी जांच पर केंद्रित थी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु, राणा दग्गुबाती, आदित्य पंचोली, प्रतीक बब्बर और गोविंद नामदेव जैसे कलाकारों ने काम किया था।



**शैतान :** बिजॉय नाम्बियार के निर्देशन में बनी शैतान में राजीव खंडेलवाल, कल्कि केकलां, गुलशन देवैया, शिव पंडित, नील भूपालम, कीर्ति कुल्हारी, रजित कपूर, पवन मल्होत्रा और राजकुमार राव जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म की कहानी मादक पदार्थों के सेवन करने वालों के एक समूह की है जो एक हिट-एंड-रन दुर्घटना को छिपाने की कोशिश करते हुए आपराधिक गतिविधियों में उलझ जाते हैं। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।



**देव डी :** फिल्म देव डी को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में अभय देओल, माही गिल और कल्कि केकलां मुख्य भूमिका में थे। अनुराग कश्यप के निर्देशित में बनी यह फिल्म बंगाली उपन्यास देवदास पर आधारित थी, जिसे नए अंदाज से लोगों के सामने पेश किया गया था। फिल्म में एक युवक को अपने बचपन के प्यार को खोने के बाद ड्रग्स और शराब की लत में पड़ते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो स्ट्रीम किया जा सकता है।



**कबीर सिंह :** इस लिस्ट में शाहिद कपूर की एक और फिल्म का नाम शामिल है। फिल्म कबीर सिंह ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। संदीप रेड्डी वंगा ने निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक युवक को अपनी प्रेमिका को खोने के बाद शराब का जमकर सेवन करते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई मुख्य शाखा में ज्योत्सना ने संभाला कार्यभार

**नैला-जांजगीर।** शहर के विवेकानंद मार्ग स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में शाखा प्रबंधक के पद पर ज्योत्सना सिंह ने अपना पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि बैंक पहुंचे खाता धारकों की किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो उनका तुरंत निराकरणय किया जाएगा। बैंक के सभी कर्मचारी उपभोक्ताओं के हित में हर समय तत्पर रहेंगे।

### प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला चारपारा के बच्चों ने किया योग



**बलौदा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग भगाये रोग, करें योग रहें निरोग थीम आधारित योग शिविर का आयोजन जनपद प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला चारपारा मे सभापति गंगोत्री कंवर,एस एम सी अध्यक्ष राम सिंह कंवर एक्टिव मदर प्रतिमा भैना, धनेश्वरी पटेल , शैक्षिक समन्वयक पुनिदास महंत प्रधान पाठक लक्ष्मी देवांगन, नरेश गुरुद्वान, गणेश कुर्रे, राजेंद्र थवाईत, रविशंकर, पालक जगदम्बा भैना , ऋषभ पटेल,व छात्र- छात्राओं ने योगाभ्यास किया. प्रधान पाठक नरेश गुरुद्वान ने योग के फायदे पर प्रकाश डाला। शिविर का कुशल संचालन गणेश कुर्रे ने किया। इस अवसर पर आदित्य भैना, रुचि, नम्रता, भावनापटेल,दीपमाला, अदिति, व रामसिंह कंवर सफाई कर्मचारी शामिल हुए।

### स्वस्थ शरीर के लिए योगाभ्यास जरुरी



**बिर्रा।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को शासकीय प्राथमिक शाला व शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलादेही में योगाभ्यास किया गया। प्रधान पाठक लक्ष्मी देवांगन, प्रीतम प्रसाद खुंटे, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष संजू साहू ,सम्मेलाल जावेर, गोपी तिवारी,मुकुद कश्यप,फिरतराम निषाद, रीतेश कश्यप,राजन , रामेश्वर पटेल श्री ड़ड़सेना व विद्यालय के 21 छात्र छात्रा ने योगाभ्यास किया। प्रधान पाठक लक्ष्मी देवांगन ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए योगाभ्यास करनी चाहिए ताकि शरीर स्वस्थ रहता है। वहीं शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष संजू साहू ने भी स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास रहता है।

### प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पिपरदा में योग दिवस



**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पिपरदा के छात्र-छात्राओं तथा गण मान्य नागरिकों के साथ मनाया गया । प्रधान पाठक मोतीराम अंचल ने शारीरिक व्यायाम एवं योग जैसे महत्वपूर्ण प्राणायाम ,अनुलोम विलोम ,कपालभारती, उज्जैनी, भ्रामरी आदि योग को सिखाते हुए अपने अंदर की शक्ति को जगा कर तन, मन ,विचार ,भावना को एक दिशा में रखकर जीवन की सफलता की आयाम को छू सकते हैं की बातें को बताएं। कार्यक्रम गांव के सरपंच दुवसिया चौहान के मुख्य अतिथि एवं पूर्व सरपंच नरोत्तम प्रसाद पटेल की अध्यक्षता तथा जयपाल पटेल, संजय पटेल की विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने कहा कि योग करने से तन मन स्वस्थ रहता है और नियमित योग करे जो, रोग मुक्त होए । इस अवसर पर सुमन डडसेना, आयुष्मान कर्मशील ,गंगोत्री कंवर ,पद्मावती उपाध्याय, रोहिणी कंवर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मलखंब योगः खिलाड़ियों ने किया करतब का प्रदर्शन ...



**पामगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुटराबोड़ के मलखंब खिलाड़ियों ने जांजगीर के प्रसिद्ध विष्णु मंदिर में मलखंब योग का प्रदर्शन किया। फोटो : हरिभूमि

### योग दिवस पर वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री के साथ जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, एसपी एवं गणमान्य नागरिकों ने किया योगाभ्यास

# योग को जीवन शैली का हिस्सा बनाने का लें संकल्प : ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार 21 जून को जिला मुख्यालय स्थित भीमा तालाब, जाज्वल्य देव द्वार के पास सामूहिक योगाभ्यास किया गया, जिमसें जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, एसपी, अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिकों सहित स्कूली बच्चे शामिल हुए।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री चौधरी ने कहा कि मुझे जांजगीर-चांपा आकार ऐसा लगता है जैसे में अपने दूसरे घर में आया हुं। उन्होंने दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प ले और नियमित रूप से योग का अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति, परंपरा में ''सर्वे भवन्तु सुखिन'' की विचारधारा से सभी को साथ लेकर चलना है। इसलिए योग दिवस भारत में ही नहीं बल्कि इसको हर देश ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प करें और स्वस्थ समाज व समृद्ध भारत का निर्माण करें। भारत की इस अमूल्य धरोहर को पीएम नरेन्द्र मोदी जी ने दुनिया तक पहुंचाया और आज के समय में योग दुनिया भर में भारत की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि योग से हम शरीर, मन को स्वस्थ रख सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि प्रतिदिन योग करें। उन्होंने कहा कि हमने प्राचीन, सनातन संस्कृति धरोहर को संभाल कर रखा है। भारत में ही नही बल्कि हर देश ने योग को अपनाया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक नारायण चंदेल ने कहा कि योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। इसको जनआंदोलन बनाकर हर घर में पहुंचाने का प्रयास करें। जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए विभिन्न कलाओं, आसनों का योगाभ्यास कराया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने योग दिवस के अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि जीवन में निरोगी काया रखने के लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। इस दौरान पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कुटराबोड़ के मलखम्ब खिलाड़ियों ने योग दिवस के अवसर पर अपने करतब का प्रदर्शन किया और सभी का मनमोह लिया। इस अवसर पर जांजगीर-नैला नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका जांजगीर नैला के उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, इंजी रवि पांडेय, रमेश पैगवार, अमर सुलतानिया, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, वन मंडलाधिकारी श्रीमती प्रियंका पांडेय, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडे, उप संचालक समाज कल्याण टी पी भावे, एनसीसी, एनएसएस, विभिन्न खेल संघ, आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य, लायंस क्लब सदस्य, पतंजलि योग समिति सदस्य, हसदेव के हीरो, आकांक्षा आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी सहित विभिन्न सामाजिक संगठन सदस्य एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी, नागरिकजन उपस्थित थे।



योग करते वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, साथ में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल एवं विधायक ब्यास कश्यप।

### नगर पालिका अध्यक्ष को मंच पर नहीं मिला स्थान



जिला स्तर पर शुक्रवार 21 जून को योग दिवस के अवसर पर स्थानीय भीमा तालाब में प्रदेश के वित्त मंत्री व प्रभारी मंत्री,स्थानीय विधायक , कलेक्टर, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से योगाभ्यास हुआ , पर नगर पालिका अध्यक्ष को मंच पर स्थान नहीं मिला और पूरे कार्यक्रम तक नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद मंच के कुछ दूर पर खड़े रहे। जिला स्तर के कार्यक्रम में इतनी बड़ी चूक या लापरवाही कहे, जिसकी चर्चा पूरे कार्यक्रम तक होती रही। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास नगर पालिका जांजगीर-नैला के भीमा तालाब में 21जून को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त व प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, स्थानीय विधायक व्यास कश्यप, कलेक्टर आकाश छिकारा, एस पी विवेक शुक्ला , पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, पूर्व विधायक नारायण चंदेल समेत जनप्रतिनिधि व अधिकारी गण मौजूद रहे, लेकिन नगर पालिका जांजगीर नैला के अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल को मंच पर स्थान नहीं मिला।

### विष्णु मंदिर परिसर में योग का ऐतिहासिक नजारा



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विष्णु मंदिर परिसर में एनसीसी, एनएसएस, आकांक्षा के छात्रों एवं "हसदेव के हीरो" के युवाओं ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी युवाओं में योग को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। योगासन की विभिन्न मुद्राओं, प्राणायाम आसन एवं ध्यान की क्रियाओं को किया। जिन्हें देखकर आस पास के लोग भी बड़ी संख्या में योगाभ्यास के लिए शामिल हुए।

### योग दिवस पर दिखा खासा उत्साह सभी वर्ग के लोगों ने किया योगाभ्यास



**सक्ती।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार 21 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य और अतिविशिष्ट अतिथि श्रीमती सुषमा जायसवाल तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो की उपस्थिति में सामुदायिक भवन सक्ती में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सुबह 7 बजे सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के आगमन पश्चात दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी जिलेवासियों में खासा उत्साह दिखा और जागरूकतापूर्वक सभी वर्ग के लोगों ने कार्यक्रम स्थल पर स्वस्फूर्त पहुंचकर सामूहिक रूप से योग, योगासन और प्राणायाम सहित अन्य योगाभ्यास किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि करे योग-रहे निरोग इसी भावना के साथ स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग आसनों का अभ्यास जरुर करना चाहिए। उन्होंने कहा की हम सभी भारतीयों के लिए यह गर्व का दिन है कि योग की प्राचीन परंपरा को सम्पूर्ण विश्व ने अपनाया है। उन्होंने बताया की प्रत्येक प्रकार के योग का अपना एक विशेष महत्व होता है, हर योग से किसी न किसी प्रकार की बीमारियां दूर होती है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुषमा जायसवाल ने हुए कहा की योग एक ऐसा सरल माध्यम है, जिससे हमारा शरीर आतंरिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा की योग को अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में अपनाकर प्रतिदिन योग करना चाहिए। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा की योग करके हम अपने शरीर और मन को स्वस्थ और स्फूर्त रख सकते है। कार्यक्रम के अंत में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग सुनील मिश्रा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अमर जांगड़े सहित अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, डभरा एसडीएम बालेश्वर राम, सक्ती एसडीएम के एस पैकरा, मालखरौदा एस डी एम रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर अरूण सोम, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, तहसीलदार मनमोहन सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा, जिला खेल अधिकारी हरी पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह सहित गणमान्य नागरिक, एनसीसी,एनएसएस के कैडेटस व आमजन ने कार्यक्रम में शामिल होकर योगाभ्यास किया। स्कूली बच्चे भी बड़ी संख्या में योग दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### डीडीएस स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बिर्रा।** अन्तर्राष्टीय योग दिवस पर शासकीय डीडी एस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के प्रांगण में योगाभ्यास किया गया प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार कुरै स्काउट गाइड रेजर प्रभारी श्रीमती प्रेमलता साहू सुशील नेताम व स्टाफ व नागरिक की उपस्थिति में हुआ जिसमें प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार कुरै ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है योगाभ्यास मे कपालभाति लोमविलोम चक्रासन सूर्य नमस्कार के अलावा विभिन्न प्रणायाम किया गया



### राजस्व-पुलिस विभाग को समन्वय से सतत संपर्क में रहने के निर्देश

# कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में शांति व्यवस्था एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने कानून और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में शुक्रवार 21 जून को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होने कहा कि छोटी-छोटी घटनाएं बड़ा रूप ले लेती है जिसके लिए हमें सतर्क रहने की जरूरत है। कलेक्टर ने कानून और सुरक्षा व्यवस्था के लिए राजस्व और पुलिस विभाग को आपसी समन्वय से सतत संपर्क में रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ला एंड आर्डर की अग्रिम तैयारी रखे जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली, आदि के लिए अनुमति दी जाती है। इसके बावजूद भी इन गतिविधियों पर नजर रखना जरूरी है, ताकि छोटी-छोटी घटनाओं की जानकारी संज्ञान में आने पर समय रहते निराकृत किया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने कहा कि हमें पुरानी घटनाओं की समीक्षा और निराकरण समय पर करने के साथ ही तत्कालिक घटनाओं से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना है। उन्होने आपराधिक गतिविधियों पर नज़र रखने, थाना प्रभारियों को गांव में चल रहे विभिन्न मुद्दों की जानकारी लेने और उनसे कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करने तथा उनसे प्राप्त सूचनाओं को उच्चाधिकारियों से साझा करने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती रमा पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पुलिस विभाग के सर्व एसडीओपी, टीआई, सब इंस्पेक्टर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर एवं एसपी।

